भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4383

(28 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)

सड़कों की स्थिति

4383. डॉ. राजदीप रायः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) असम राज्य में विशेषकर सिलचर संसदीय क्षेत्र में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत वर्ष 2019 से निर्मित कुल सड़कों (किलोमीटर में) की स्थिति क्या है; और

(ख) इन परियोजनाओं पर वर्ष 2019 से खर्च किए गए बजट का विवरण क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) दिनांक 01.04.2019 से, 22.03.2023 की स्थिति के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत असम राज्य को कुल 5,477 किमी सड़क लंबाई स्वीकृत की गई है , जिसमे से 4,303 किमी सड़क लंबाई निर्मित की गई है। राज्य से प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त 4,303 निर्मित सड़कों मे से सिलचर संसदीय क्षेत्र में कुल 251 किमी सड़क का निर्माण भी निहित है। दिनांक 01.04.2019 (22.03.2023 की स्थिति के अनुसार) से असम राज्य और सिल्चर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत और निर्मित सड़कों कार्यों का ब्योरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) दिनांक 01.04.2019 से (22.03.2023 की स्थिति के अनुसार) जारी केंद्रीय निधियों और व्यय का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है:

(रु करोड़ में)

राज्य	जारी केंद्रीय निधि	व्यय (राज्य अंश सहित)
असम	7111.95	9753.52
सिलचर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र	*	167.87

*** पीएमजीएसवाई के तहत केंद्रीय निधियां राज्य सरकार को जारी की जाती है। आगे निधियां राज्य सरकार द्वारा जिला स्तर पर जारी की जाती है।**

****

अनुबंध-I

लोकसभा में दिनांक 28.03.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 4383 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

दिनांक 01.04.2019 से असम राज्य को स्वीकृत और निर्मित सड़कों कार्यों का ब्यौरा

क्रम संख्या	पीएमजीएसवाई घटक	स्वीकृत			निर्मित		
		सड़कों की संख्या	पुलों की संख्या	सड़क लंबाई कि.मी. में	सड़कों की संख्या	पुलों की संख्या	सड़क लंबाई कि.मी. में
1	पीएमजीएसवाई-II	250	65	1721	225	54	1715
2	पीएमजीएसवाई-III	584	56	3756	297	0	2588
कुल		**834**	**121**	**5477**	**522**	**54**	**4303**

दिनांक 01.04.2019 से सिलचर संसदीय क्षेत्र में स्वीकृत एवं निर्मित सड़कों कार्यों का ब्यौरा

क्रम संख्या	पीएमजीएसवाई घटक	स्वीकृत			निर्मित		
		सड़कों की संख्या	पुलों की संख्या	सड़क लंबाई कि.मी. में	सड़कों की संख्या	पुलों की संख्या	सड़क लंबाई कि.मी. में
1	पीएमजीएसवाई-II	13	5	128	13	5	128
2	पीएमजीएसवाई-III	32	5	171	15	0	123
कुल		**45**	**10**	**299**	**28**	**5**	**251**